## महत्वपूर्ण एवं खास

### विधायक देवेन्द्र यादव की रिमांड 7 दिनों के लिए बढ़ाई गई

**रायपुर (आरएनएस)।** कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की न्यायिक रिमांड 7 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। मंगलवार को रिमांड खत्म होने पर रायपुर जेल में बंद विधायक देवेंद्र यादव की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई। बलौदाबाजार कोर्ट ने 3 सितंबर तक के लिए उनकी रिमांड बढ़ा दी है। बलौदाबाजार हिंसा मामले में पुलिस ने 17 अगस्त को देवेंद्र यादव को गिरफ्तार किया था। बता दें कि जिले के गिरौदपुरी में सतनाम समाज के आस्था के केंद्र अमर गुफ ा में स्थित महकोनी मंदिर परिसर में आसामाजिक तत्वों ने तोडफ़ोड़ की थी। जैतखाम में तोडफ़ ेड़ की घटना से आक्रोशित समाज के लोगों ने सीबीआई जांच की मांग की थी। इस मामले में पुलिस ने संदिग्ध आरोपियों को हिरासत में लिया है। वहीं राज्य सरकार ने पहले ही जैतखंभ तोडफ़ोड़ की घटना की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए थे। इस घटना को लेकर बलौदाबाजार में हिंसक प्रदर्शन हुआ था। इस दौरान प्रदर्शन के पूर्व विधायक देवेंद्र यादव पर वहां होने तथा हिंसा भडक़ाने का आरोप लगा है। इस मामले में सैकड़ों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### 25 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा-रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में माओवादी उन्मूलन अभियान के अंतर्गत पुलिस के बढ़ते प्रभाव के कारण कुल 29 लाख के इनामी सहित 25 नक्सलियों ने बीजापुर जिले में आत्मसमर्पण किया।इनमें शामबती मडक़म (इनाम 8 लाख), ज्योति पूनेम (8 लाख), महेश तेलम (8 लाख), विष्णु करटम ऊर्फ मीनू (3 लाख),जयदेव पोडियाम (1 लाख), गुडडु ककेम (10,000), सुदरू पूनेम (10000), सन्नू पोडिय़ाम, बासू पोडिय़ाम, मोटूराम तेलम, सोमारू तेलम,सोमलू पोटाम, राजू वंजाम, सुखराम तेलम, आयतु तेलम, संतोष तेलम ऊर्फ धोबीराम, बिज्जू तेलम, राकेश फरसीक, बुदरू पूनेम, कोया पूनेम ऊर्फ सुखराम, सांतो पूनेम, छोटू पोटाम ऊर्फ जोम्मा, सुक्कु कुडियम, पाकलू पूनेम एवं रमेश अवलम शामिल हैं।आत्मसमर्पण के पश्चात उक्त आत्मसमर्पित नक्सलियों को छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

### वन मंत्री केदार कश्यप ने किया डीआरजी के जवानों को बाइक वितरण

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, सहकारिता एवं कौशल विकास तथा संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने नारायणपुर जिला के दो दिवसीय प्रवास के दौरान आज नारायणपुर पुलिस थाना में डीआरजी के जवानों को 150 बाइक वितरण कर नक्सल ऑपरेशन में सफलता प्राप्त करने के लिए जवानों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने जवानों का हाल-चाल पूछा और नक्सल ऑपरेशन में सफलता प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक रूप साय सलाम, कलेक्टर बिपिन मांझी, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, डीएफओ सच्चिदानंद के. सहित अधिकारीगण मौजूद थे। मंत्री कश्यप ने जवानों की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि ये मोटरसाइकिलें उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि करेंगी और सुरक्षा अभियानों में सहायता प्रदान करेंगी।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हमेशा जवानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रही है, और यह वितरण उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### बिलाईगढ़ क्षेत्र में आज होगा आयुष्मान पंजीयन शिविर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ क्षेत्र में 28 अगस्त को निशुल्क आयुष्मान पंजीयन महाअभियान शिविर बिलाईगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत- सरसींवा, पण्ड्रीपानी, पवनी, मल्दी, रायकोना, पचरी, बिलासपुर, बम्हनपुरी, मिरचिद, मड़कड़ी, गोविन्दवन, सोनाडुला, कैथा, छिर्रा, धोबनी, बासउरकुली, खुरसुला, बंदारी, मनपसार, खैरझिटी, जमगहन, रिकोटार, मोहतरा, घाना, पेण्डावन, बेल्हा, मधईभाठा, बगलोटा, नगरदा, अमोदी, जोरा, टाटा, मुड़पार, धौराभाठा, छुईहा, रमतला, भण्डोरा, दुम्हानी, कोरकोटी, करियाटार, गदहाभाठा, दाऊबंधान में किया जाएगा।

# वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी मंत्री चौधरी सहित अतिथियों ने किया जिला पंचायत संसाधन केन्द्र सारंगढ़ का लोकार्पण

❑ **वित्त मंत्री ने बरमकेला में कॉलेज भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत किए**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**






मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, राज्यसभा सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह और विशिष्ट अतिथि विधायक सारंगढ़ उत्तरी जांगड़े तथा विधायक बिलाईगढ़ कविता लहरे ने जिला पंचायत संसाधन केन्द्र सारंगढ़ का मंगलवार हो अपरान्ह में लोकार्पण किया। लोकार्पण समारोह में वित्त मंत्री चौधरी, राज्यसभा सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य अतिथियों का स्वागत स्थानीय नृतक दलों की ढोल मंजीरा और बिहान स्वसहायता समूहों की महिलाओं के द्वारा पुष्प वर्षा और तिलक लगाकर कर किया गया। सभी अतिथिगण भवन के लोकार्पण समारोह की पूजा में शामिल हुए और जिला पंचायत संसाधन केन्द्र सारंगढ़ का विधिवत लोकार्पण किए। मुख्य मंच में सभी अतिथियों का बारी-बारी से प्रतिनिधिगण ने स्वागत किया। वित्त मंत्री ने कहा कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले को सुव्यवस्थित जिला बनाने स्थापित करने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने हितग्राहियों को मोटराज्ड सायकल और पीएम आवास की चाबी तथा बिहान समूह को प्रतीकात्मक चेक वितरित किए। वित्त मंत्री ने जिले के विकास के लिए सभी राजनीतिक दलों को मिलकर काम करने के लिए कहा। उन्होंने कहा है कि बरमकेला में कॉलेज भवन निर्माण के लिए राशि की स्वीकृति दी है। राज्यसभा सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह और विधायक बिलाईगढ़ ने सभा को संबोधित किया। विधायक सारंगढ़ ने वित्त मंत्री को सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सड़क एवं अन्य मांगों को वित्त की स्वीकृति के लिए अनुरोध किया, जिससे वित्त मंत्री ने कार्य पूर्ण की संभावना भरे शब्द कहे कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ अब भी मैं मेरा जिला मानता हूं, भले ही अब रायगढ़ विभाजित हो गया है। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक सुभाष जालान, पूर्व विधायक केराबाई मनहर, कामदा जोल्हे, जिला पंचायत सदस्य बैजंती लहरे, अनिका भारद्वाज, कैलाश नायक, अजय नायक, विलास भारती, सरिता भारती और शिवकुमारी चौहान सहित जनपद पंचायत सारंगढ़ के सदस्यगण सहित बड़ी संख्या में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण, कलेक्टर धर्मेश साहू, परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान, एसपी पुष्कर शर्मा, एसडीएम अनिकेत साहू, सभी जनपद सीईओ सहित बड़ी संख्या में बिहान समूह की महिला सदस्यगण उपस्थित थीं।

## आपदा में दिवंगतों के वारिसों के लिए कलेक्टर साहू ने की सहायता राशि स्वीकृत

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

कलेक्टर धर्मेश साहू ने जिले के नागरिकों के प्राकृतिक आपदा से होने वाले आकस्मिक मृत्यु पर उनके वारिसों के लिए राज्य शासन द्वारा प्रदत्त सहायता राशि स्वीकृत किया है। इन सभी मृतकों के वारिस को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राजस्व आपदा परिपत्र (आरबीसी) 6-4 के तहत उनके बैंक खातों में ऑनलाइन भुगतान किया जाएगा। मृतक धनीराम डेंजारे पिता दासरथी डेंजारे उम्र 68 वर्ष का 04.12.2023 को सर्पदंश के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के पत्नि रामकुंवर डेंजारे पति स्व. धनीराम डेंजारे ग्राम गुड़ेली तहसील सारंगढ़ को, मृतक हरिराम केंवट पिता खेतराम केंवट उम्र 62 वर्ष का 30.04.2024 को सर्पदंश के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस पत्नि श्यामबाई पति स्व. हरिराम केंवट ग्राम गोविन्दबन तहसील बिलाईगढ़ को, मृतक लक्ष्मण यादव पिता दशाराम यादव उम्र 60 वर्ष का 14.12.2022 को पनखती तालाब के पानी में डूबने के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक की पत्नि मंगलीबाई यादव पति स्व. लक्ष्मण यादव ग्राम लेंध्रा छोटे सारंगढ़ को, मृतक उमेंद कोसले पिता बाबुलाल कोसले उम्र 25 वर्ष का 18.03.2023 को सर्पदंश के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के पत्नि गायत्री कोसले पिता उमेंद कोसले ग्राम गोबरा तहसील बिलाईगढ़ को, मृतक देवेन्द्र सिदार पिता घनश्याम सिदार उम्र 22 वर्ष का 05.09.2023 को गौटीन तालाब के पानी में डूबने के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के पिता घनश्याम सिदार पिता मंगलू सिदार ग्राम विशालपुर वार्ड क्र.05 तहसील सारंगढ़ को, मृतक हीराराम साहू पिता घासीराम साहू उम्र 45 वर्ष का 26.07.2023 को सर्पदंश के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के पत्नि लकेश्वरी बाई साहू पति स्व. हीराराम साहू ग्राम अमलडीहा तहसील सरसींवा को, मृतिका कुमारी अन्या पिता कमेश्वर उम्र 04 वर्ष का दिनांक 28.05.2023 को सर्पदंश के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के पिता कमेश्वर पिता झंगाराम ग्राम सरसींवा तहसील सरसींवा को, मृतक डेविश साहू पिता लोकेश साहू उम्र 01 वर्ष का दिनांक 11.12.2023 को तालाब के पानी में डूबने के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के पिता राजेश साहू ग्राम टुण्डरी तहसील बिलाईगढ़ को, मृतक रविशंकर बघेल पिता फिरूराम उम्र 60 वर्ष का 19.07.2023 को सर्पदंश के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के पत्नि शांतिबाई बघेल पति स्व. रविशंकर बघेल ग्राम गोविन्दबन तहसील बिलाईगढ़ को, मृतक मनहरण लाल पिता नरोत्तम उम्र 50 वर्ष का 18.03.2024 को तालाब के पानी में के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के पत्नि जानकी बाई पटेल पति स्व. मनहरण लाल ग्राम मड़कड़ी तहसील बिलाईगढ़ को, मृतिका अनुसुईया पति घनश्याम पुरी उम्र 52 वर्ष का 25.12.2022 को आग में जलने के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतिका के पुत्र दामोदर पुरी पिता घनश्याम पुरी ग्राम राजापारा तहसील सारंगढ़ को चार लाख रूपए की सहायता राशि दी जाएगी।

## 850 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम के लिए हुआ रवाना

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर शुरू की गई रामलला दर्शन योजना के तहत चलाई जा रही विशेष ट्रेन से मंगलवार को 850 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। रायपुर रेलवे स्टेशन पर प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया।

इस यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। श्रद्धालुगणों ने भगवान राम की जय-जयकार करते हुए अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान किया। ट्रेन में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए भक्तिमय माहौल में रामलला के दर्शन को जा रहे हैं। इस दौरान,प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, विधायक मोतीलाल साहू, रायपुर जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू, नन्दे साहू, राजीव अग्रवाल , छगनलाल मूंदड़ा,लीलाधर चंद्राकर सहित जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

रामलला दर्शन के लिए जाने वाले दर्शनार्थियों ने मुख्यमंत्री साय का रामलला दर्शन के लिए योजना की शुरुआत के लिए आभार माना और कहा कि मुख्यमंत्री की पहल पर आज हमें अयोध्या में रामलला के दर्शन का अवसर सहज सुलभ हुआ है। हमें इसकी बहुत खुशी हो रही है। अयोध्या में रामलला का भव्य और सुंदर मंदिर बनाया गया है।

## बिलासपुर से मुंबई और बिलासपुर से हैदराबाद फ्लाइट हो सकती है शुरू

**बिलासपुर (आरएनएस)।** न्यायधानी के लोगों के लिए एक अच्छी खबर है. खबर ये है कि जल्द ही बिलासपुर से मुंबई और हैदराबाद के लिए नई फ्लाइट शुरू होने की संभावना है. सूत्रों के मुताबिक इसके लिए एलाइंस एयर कंपनी ने अपनी तैयारी कर ली है. इसके लिए कराए गए सर्वे में भी कंपनी को मुंबई और हैदराबाद के लिए काफी संख्या में यात्री मिलने की उम्मीद है.

एलाइंस एयर कंपनी द्वारा बिलासपुर से संचालित सभी हवाई सेवा को मिल रहे अच्छे प्रतिसाद से उत्साहित होकर बिलासपुर से मुंबई और हैदराबाद मार्ग पर नई उड़ान प्रारंभ करने की संभावना को टटोला गया था. उक्त रूट में पर्याप्त संख्या में यात्री मिलने की पूरी संभवाना है. इसलिए एलाइंस एयर कंपनी के द्वारा किए गए आकलन में मुंबई से जलगांव चल रही उड़ान को बिलासपुर तक बढ़ाने और हैदराबाद-जगदलपुर-रायपुर उड़ान के रायपुर स्टॉपेज समाप्त हो जाने के कारण उसे बिलासपुर लाने के बारे में अच्छी रिपोर्ट आई है.

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने उक्त संबंध में मीडिया को बताया कि एलाइंस एयर कंपनी द्वारा रायपुर में अपना सेटअप पूरी तरह समाप्त कर लिया है. इसके बाद जो उड़ान हैदराबाद से जगदलपुर होकर रायपुर तक चल रही थी. वह अब रायपुर आना बंद कर रही है. ऐसे में कंपनी को राज्य के दूसरे प्रमुख शहर बिलासपुर में अच्छी संभावनाएं दिखाई पड़ रही है. इसलिए बिलासपुर को अपने प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करना चाहती है.

## चोरी का फरार आरोपी गिरफ्तार, आरोपित से सोने का 17 पदक बरामद

**रायगढ़**



घरघोड़ा पुलिस ने गृहभेदन के पुराने मामले में सफलता प्राप्त करते हुए 05 सितंबर 2023 को हुई चोरी के मामले में फरार आरोपित जोगेन्द्र बेहरा उर्फ जोगिन्दर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा लंबित अपराधों में फरार आरोपियों की लगातार पतासाजी, गिरफ्तारी के दिएनिर्देशों के परिपालन में यह गिरफ्तारी घरघोड़ा पुलिस की लगातार प्रयासों और गुप्त सूचना के आधार पर की गई।

थाना घरघोड़ा में बीरो बाई राठिया द्वारा 11 सितंबर 2023 को दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, 05 सितंबर 2023 को सुबह खेत काम करने गई थी उसकी गैरमौजूदगी में उसके घर से सोने-चांदी के आभूषण चोरी हो गए थे। इस संबंध में थाना घरघोड़ा में दर्ज अपराध क्रमांक 421/2023 धारा 457,380, 34 आईपीसी के तहत दर्ज कर प्रारंभिक जांच के दौरान, पुलिस ने आरोपी दुष्यंत यादव (21 साल) नूनदरहा घरघोड़ा को गिरफ्तार किया था, जिसने जोगेन्द्र बेहरा के साथ मिलकर चोरी करने की बात कबूल की थी। हालांकि, जोगेन्द्र बेहरा तब से फरार था।

लगातार पतासाजी के बाद, आरोपी जोगिंदर बेहरा के फरार रहने पर पुलिस ने धारा 173(8) CrPC के तहत कार्यवाही कर चालान पेश किया गया था। इसी बीच कल टीआई घरघोड़ा अमित कुमार तिवारी को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपित जोगेन्द्र बेहरा ग्राम रैरूमाखुर्द, धरमजयगढ़ में छिपा हुआ है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कल आरोपित को हिरासत में लिया। आरोपी के मेमोरंडम पर 17 नग सोने का पदक, जिनका वजन लगभग 5.5 ग्राम और कीमत लगभग रु.30,000 है, बरामद किए गए हैं।

जोगेन्द्र बेहरा को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता और कानून व्यवस्था बनाए रखने की प्रतिबद्धता को बल मिला है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित तिवारी, एएसआई राम सजीवन वर्मा एवं हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

## मारपीट मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार, चक्रधरनगर पुलिस ने भेजा न्यायिक रिमांड पर

**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस ने आज मारपीट मामले के फरार आरोपी आदतन बदमाश संदीप नेताम उर्फ शाकाल को कयाघाट, जूटमिल पर दबिश देकर गिरफ्तार किया जिसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

आरोपी संदीप नेताम उर्फ शाकाल और उसके दो साथियों के विरूद्ध दिनांक 26.07.2024 को थाना चक्रधरनगर में गोकुल जायसवाल द्वारा मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, गोकुल ने बताया कि वह जमुना इन चौक शराब भट्टी के पास मूंगफली और मुर्रा चना बेच रहा था। रात्रि करीब 09.30 बजे इसका बेटा अर्पित जायसवाल दुकान बंद कराने में मदद करने आया, उसी समय पंजरी प्लांट के तीन लड़के - मूनशाद खान, शाकाल और उसका एक दोस्त आये और शराब पीने के लिए 500/- रूपये मांगे, नहीं देने पर झगड़ा करते हुए ठेले में रखे मूंगफली व मुर्रा को फेंक दिये और ठेले का बल्ब भी तोड़े, तब अर्पित जायसवाल उन्हें मना किया तो मूनशाद खान और शाकाल ने चाकू निकाल लिये और गाली गलौज कर मारपीट किये।

घटना की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना चक्रधरनगर में अप.क्र. 347/2024 धारा 119(1), 296, 351(2), 118(1), 3(5) बीएनएस दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी, जो घटना दिनांक से ही फरार थे। दिनांक 06.08.2024 को मुखबिर सूचना पर आरोपी मुनशाद खान को पंजरी प्लांट के पास गिरफ्तार किया गया जिसके मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त कर आरोपित को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। फरार आरोपी संदीप उर्फ शाकाल और अतुल रात्रे की सरगर्मी से पता तलाश की जा रही थी कि आज दिनांक 27.08.2024 को मुखबिर सूचना पर चक्रधरनगर पुलिस द्वारा आरोपित संदीप उर्फ शाकाल को कयाघाट के पास दबिश देकर पकड़ा और थाना लाकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी ने घटना दिनांक को अपने साथी मुनशाद खान और अतुल रात्रे के साथ घटना कारित करना स्वीकार किया।

आरोपी सदीप नेताम उर्फ शाकाल पिता स्व.रूप सिंह नेताम उम्र 27 वर्ष साकिन रेलवे कालोनी सोनकर पारा थाना जुटमिल जिला रायगढ़ आदतन बदमाश प्रवृत्ति का आरोपी है, पूर्व में भी पुलिस कई संगीन मामलों में आरोपित को चालान की है। आरोपी को आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, मामले के एक अन्य फरार आरोपी अतुल रात्रे की पतासाजी जारी है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# चिरायु योजना से इलाज कराकर अब सुन व बोल सकेगा देवांश

**सारंगढ़-बिलाईगढ़**

कलेक्टर व जिलाधीश धर्मेश साहू के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफ आर निराला के कुशल मार्गदर्शन में संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) योजना का सफल क्रियान्वयन हो रहा है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आर.बी.एस.के.) के तहत चिरायु योजना के ज़रिए, जन्म से 18 साल तक के बच्चों की स्वास्थ्य जांच की जाती है और उन्हें मुफ़्त इलाज दिया जाता है. इस योजना का मकसद, बच्चों में जन्म के समय से मौजूद दोष, कमियां, बीमारियां, विकलांगता, और विकास संबंधी देरी को पहचानकर, जल्द से जल्द इलाज मुहैया कराना है. चिरायु योजना के तहत, स्कूलों और आंगनबाड़ियों में बच्चों की जांच की जाती है और ज़रूरत पड़ने पर उन्हें मुफ़्त में इलाज दिया जाता है. इस योजना के तहत, कटे-फटे होंठ, जन्मजात मोतियाबिंद, टेढ़े-मेढ़े हाथ-पैर, श्रवण बाधा (जन्मजात बधिरता), और इस तरह की 30 तरह की बीमारियों और विकृतियों का इलाज किया जाता है। ज़रूरत पड़ने पर, बच्चों को किसी बेहतर सुविधा वाले अस्पताल में भी रेफ़र किया जाता है। इस योजना के तहत, स्वास्थ्य सुविधाओं में डॉक्टर, फार्मासिस्ट, ए.एन.एम. व लैब टेक्नीशियन के ज़रिए, सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों व घरों में भी जाकर नवजात शिशुओं की जांच की जाती है।

ऐसे ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ के चिरायु टीम (ब) ने अपने दैनिक स्वास्थ्य परीक्षण हेतु समीपस्थ ग्राम हिच्छा आंगनबाड़ी केंद्र 19 जनवरी को गयी थी। जहां देवांश 2 वर्ष के बालक को श्रवण बाधित पाया, बच्चे को सुनने की क्षमता में कमी साथ ही बाह्य ध्वनि के प्रति कोई भी रिस्पॉन्स नही करते पाया। इस पर टीम ने परिजनों को समझाया और ईलाज के लिए प्रेरित किया। पूर्व में हुए सफल इलाज के बारे में भी बताकर मार्गदर्शन किया।

इस तरह से उच्च स्तरीय जांच व इलाज हेतु टीम ने जतन केंद्र रायगढ़ रिफर किया जहां 3 माह के स्पीच थेरेपी के बाद कॉकलियर इम्प्लांट नामक कान की श्रवणशक्ति हेतु सर्जरी के लिए एम्स हॉस्पिटल रायपुर भेजा गया। जहां हर अलग-अलग स्तर पर जांच, वेक्सिनेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस बीच टीम के द्वारा बराबर सलाह मशवरा व इलाज हेतु मनोबल बढ़ाने का कार्य किया गया साथ ही आवश्यक कागजात, दस्तावेज भी समयानुसार पूर्ण करते गए। कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी हेतु

एम्स अस्पताल रायपुर में 9 अगस्त 24 को भर्ती किया गया फिर 13 अगस्त 2024 को सफलतापूर्वक सर्जरी पूर्ण की गई फिर डॉक्टरों द्वारा 9 दिन तक अपने ऑब्जर्वेशन में रखने के उपरांत 23 अगस्त को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। 30 अगस्त 2024 को कॉकलियर इम्प्लांट किया गया। मशीन को स्वीच ऑन किया जाएगा फिर बालक देवांश की सुनने व बोलने के अभ्यास हेतु स्पीच थेरेपी की प्रक्रिया की जाएगी। इस प्रकार के ऑपरेशन हेतु 6-7 लाख रुपए लगते हैं जो चिरायु योजना के तहत निःशुल्क होता है। असल में चिरायु योजना ऐसे ही जरूरमंद बच्चों के लिए ही है जिन्हें समय पर पहचान कर इलाज की सुविधा मुहैया कराती है। चिरायु योजना से देवांश के माता पिता बेहद खुश हैं और शासन की महत्वाकांक्षी योजना का व पूरी टीम का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।